पंचदश बिहार विधान सभा

सप्तम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-2 शुक्रवार, दिनांक-30 नवम्बर, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक ।

[1] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी द्वारा दिनांक 29.11.2012 को सम्पन्न कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदन की सहमति हुई ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा पंचदश बिहार विधान सभा के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम सत्रों के अनागत अल्पसूचित, तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नोत्तरों (कुल 469) की मुद्रित प्रतियों को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक-1 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 24 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-27 कला संस्कृति विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 05 तारांकित प्रश्न क्रमांक-7, 8, 10, 21 एवं 23 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vii) 77 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्यस्थगन की सूचना :-

माननीय नेता विरोधी दल एवं अन्य तीन माननीय सदस्यों से प्राप्त कार्य-स्थगन प्रस्ताव के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा सदन में उठाने की सहमति नहीं देने की घोषणा की गई ।

कार्यस्थगन को सदन में उठाने की सहमति नहीं मिलने पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा इसमें निहित विषय 'मनरेगा में अनियमितता के महत्त्व के आलोक में इसपर किसी अन्य रूप में भी चर्चा हेतु मांग की गई । माननीय सदस्य श्री सदानंद सिंह द्वारा भी इसी प्रकार की मांग की गई ।

संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सरकार की ओर से इसपर किसी भी रूप में चर्चा की सहमति दी गई ।

आसन द्वारा कार्य स्थगन के विषय पर बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-43 के अंतर्गत दिनांक 03.12.2012 को विधायी कार्य के समाप्ति उपरांत विमर्श कराये जाने पर स्वीकृति की घोषणा की गई ।

[4] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री राहुल कुमार
(iii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(iv) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(vi) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(vii) श्री जनक सिंह
(viii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ix) श्री विजय कुमार सिंहा
(x) श्री कृष्णनन्दन यादव
(xi) श्री प्रदीप कुमार
(xii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(xiii) श्री राज कुमार राय
(xiv) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xv) श्री पवन कुमार जायसवाल

[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री ललन राम एवं अन्य दो सभासदों के गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय के ग्रामीण कार्य विभाग से सम्बंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी को सदन पटल पर रखा गया ।

तदुपरान्त सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 03.12.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-30.11.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।